डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ-226031

पत्रांक: ए0के0टी0यू0/कुस0का0/स्था0/2021/ 10740 दिनांक: 20 मई, 2021

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/अधिष्ठाता
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थान

विषय: कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत प्रदेश के तकनीकी विश्वविद्यालयों/शासकीय अनुदानित अभियंत्रण संस्थाओं/राजकीय इंजी0 कालेजों एवं राजकीय/अनुदानित/स्व-वित्त पोषित पालीटेक्निकों को संचालित किये जाने संबंधी दिशा-निर्देश।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1, लखनऊ के पत्र संख्या-66043/21/16-1099/270/2020 दिनांक 19.05.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

शासन के पत्र दिनांक 19.05.2021 द्वारा निर्देशित किया गया है कि कोविड-19 के संक्रमण के दृष्टिगत प्राविधिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन प्रदेश के तकनीकी विश्वविद्यालयों/शासकीय अनुदानित अभियंत्रण संस्थाओं/राजकीय इंजी0 कालेजों एवं राजकीय/अनुदानित/स्व-वित्त पोषित पालीटेक्निकों को संचालित किये जाने का निम्नवत निर्णय लिया गया है:-

1. दिनांक 20.05.2021 से पाठ्यक्रम से संबंधित सभी कक्षाएं/शिक्षण कार्य संस्थान परिसर में ना होकर आन लाइन ही संचालित किये जायेगें। तकनीकी विश्वविद्यालयों/शासकीय अनुदानित अभियंत्रण संस्थाओं/राजकीय इंजी0 कालेजों एवं राजकीय/अनुदानित/स्व-वित्त पोषित पालीटेक्निकों के परिसर में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति नही होगी।
2. छात्रों को प्राविधिक विश्वविद्यालयों की डिजीटल लाइब्रेरी, N.P.T.L तथा यू-राइज पोर्टल आदि अपलोड किये गये ई-कन्टेंट्स का अधिकाधिक उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जाय।
3. परिसर में शिक्षकों की उपस्थिति के संबंध में कुलपति/निदेशकगण/प्रधानाचार्यगण द्वारा निर्णय लिया जायेगा।
4. शिक्षकों/छात्रों के संक्रमित होने अथवा निगेटिव रिपोर्ट के बाद किसी अन्य चिकित्सीय कठिनाई के समय उक्त छात्र-शिक्षक को पठन-पाठन आन लाइन जारी रखने अथवा न रखने के संबंध में संबंधित कुलपति, निदेशक, विभागाध्यक्ष या प्रधानाचार्य कोविड-19 गाइड लाइन के अनुसार अपने स्तर से निर्णय ले सकेगें।
5. तकनीकी विश्वविद्यालयों/शासकीय अनुदानित अभियंत्रण संस्थाओं/राजकीय इंजी0 कालेजों एवं राजकीय/अनुदानित/स्व-वित्त पोषित पालीटेक्निकों में कार्यरत समूह- 'ख' 'ग' एवं 'घ' के कार्मिकों की 50 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु साप्ताहिक रोस्टर इस प्रकार तैयार किया जायेगा कि ऐसे कर्मी अल्टरनेट (वैकल्पिक) रूप में कार्यालय आयें तथा शेष 50 प्रतिशत कर्मिक घर से की कार्य निष्पादित करेंगें।

कृपया तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि:निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. समस्त अधिष्ठाता, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. समस्त सहायक कुलसचिव/व्यवस्थाधिकारी/विधि अधिकारी/सम्पत्ति प्रभारी/जन सम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
7. स्टाफ अफिसर, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव